कार्यालय - प्राचार्य, शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय छुरिया
जिला - राजनांदगांव (छ.ग.)

Website - chhuriacollege.com Email chhuriacollege@gmail.com Phone&Fax – 07745 – 299273

Accredited by NAAC with Grade "B"

दिनांक 01.02.2023

महिला स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम

आज दिनांक 01.02.2023 को शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय छुरिया में संस्था शिरोमणि डॉ. सुषमा चौरे (नेताम) के दिशा निर्देशन एवं IQAC प्रभारी श्री विनय चौरे, के मार्गदर्शन में महिला स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के सभा कक्ष में रखा गया।

संस्था प्रमुख सम्माननीय प्राचार्य डॉ. सुषमा चौरे (नेताम) ने अपने अभिकथन में कहा महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति हमेशा जागरूक होना चाहिए और अच्छे से अपने शरीर को साफ–सुथरा रखना चाहिए। महिलाओं में होने वाले विभिन्न प्रकार की समस्याओं के प्रति सचेत होकर अपने स्वास्थ्य को उत्तम बनाये रखना चाहिए। जिससे किसी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न न हो।

उद्बोधन की अगली कड़ी में महिला जागरूकता अभियान, गोंदियां (महाराष्ट्र) की संयोजक श्रीमती लक्ष्मी बेदी ने अपने अभिकथन में कहा कि महिलाओं को विभिन्न प्रकार के होने वाले संक्रमण के संबंध में जानकारी रखते हुए उन संक्रमण के प्रति जागरूक होने की आवश्यकता है। ताकि किसी भी प्रकार की समस्या न हो

इस कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण प्रभारी दीपिका ध्रुवे, सहायक प्राध्यापक सुश्री प्रीतिबाला ठाकुर (प्राणीशास्त्र), और अतिथि व्याख्याता सुश्री इंदिरा इंदू, एवं महाविद्यालय के समस्त छात्राएं उपस्थित रहें।

डॉ. सुषमा चौरे (नेताम)
प्राचार्य